तापमान
अधिकतम 44.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार 12 जून 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4
बालिका सशक्तिकरण अभियान के तहत बालिकाओं ने प्रतिष्ठित खेल हस्तियों से की मुलाकात



### हरदीबाजार थाना क्षेत्र के ग्राम नेवसा का मामला

# थानेदार की पिटाई से क्षुब्ध दो युवकों ने टंकी पर चढ़कर किया आत्महत्या का प्रयास


पानी टंकी पर चढ़े युवक।


समझाईश देते पुलिस के अधिकारी व मौके पर जमा ग्रामीण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दो युवकों को पकड़कर थानेदार ने जमकर पिटाई करने का आरोप लगाया है और दोनों युवक गांव की पानी टंकी में चढ़कर पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए जमकर हंगामा भी किया है। दोनों युवक पेट्रोल छिड़ककर आत्महत्या का प्रयास भी कर रहे थे। जब इसकी सूचना प्रशासन व पुलिस को मिली तो आला अधिकारियों की टीम मौके पर पहुंचे और पानी टंकी में चढ़कर आत्महत्या करने का प्रयास कर रहे दोनों युवकों को किसी तरह समझा बुझाकर नीचे उतारा गया। पुलिस ने फिलहाल मामले की प्रारंभिक जांच शुरू कर दी है। जांच के बाद ही मामला पूरी तरह से स्पष्ट हो पाएगा।

हरदीबाजार थाना अंतर्गत ग्राम नेवसा निवासी रफीक मोहम्मद एवं दीपेश निर्मलकर ने थाना प्रभारी प्रमोद कुमार डडसेना के ऊपर आरोप लगाया है कि मंगलवार को ग्राम सिरली के पास उन्हें बेवजह पकड़ कर थाना ले जाया गया और जुआ खेलाते हो ऐसा कहते हुए उनके साथ लाठी डंडा एवं बेल्ट से बेहरमी से मारपीट की गई। दोनों युवकों ने आरोप लगाया है कि मारपीट करने के बाद उनका डाक्टरी परीक्षण के लिए दीपका अस्पताल ले जाकर भागते हुए गिर गए हैं का जबरन झूठा बयान लिया गया है साथ ही यह भी आरोप लगाया जा रहा है कि उनसे 23,500 रुपए नगद भी लिया गया है। इस पूरे मामले से क्षुब्ध होकर रफीक मोहम्मद व दीपेश निर्मलकर गुरुवार की सुबह लगभग 7 बजे आत्महत्या करने की नियत से अपने ही गांव नेवसा सुपेतपारा के पानी टंकी पर चढ़ गए , तेज बारिश होने के बावजूद टंकी से उतरने का नाम नहीं ले रहे थे । जोर-जोर से चिखते चिल्लाते हुए पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए हंगामा कर रहे थे। जैसे ही जिला प्रशासन व पुलिस के अफसरों को इसकी सूचना मिली। तहसीलदार व दर्री सीएसपी विमल पाठक दल बल सहित मौके पर पहुंचे और दोनों युवकों को समझाईश दी गई और मामले की निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया गया। जिसके बाद दोनों युवक पानी टंकी से नीचे उतरे।

**खास बात**

- प्रशासन व पुलिस के अफसर पहुंचे थे मौके पर, समझाईश के बाद उतरे टंकी से

**मामले की हो रही है जांच**

दो युवकों ने पानी टंकी में चढ़कर आत्महत्या करने का प्रयास किया है। घटना की सूचना पर पुलिस द्वारा मामले की प्रारंभिक जांच की जा रही है। जांच के बाद मामले में अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। पुलिस द्वारा दोनों युवकों के खिलाफ पूर्व में मामला भी दर्ज किया गया है। **-विमल पाठक**, सीएसपी दर्री

**पुलिसिया जांच के स्पष्ट होगा पूरा मामला**

पुलिस सूत्र बताते हैं कि यह पूरा मामला अवैध कारोबार से जुड़ा हुआ है। बताया जाता है कि पड़ोसी जिला जांजगीर चांपा का निवासी हरि पिछले कुछ वर्षों से हरदीबाजार थाना क्षेत्र के ग्राम नेवासा में निवास कर रहा है और उसके द्वारा और उसके अन्य साथियों के द्वारा हरदीबाजार थाना क्षेत्र के बॉर्डर के जंगल में जुए का अवैध कारोबार संचालित करने की सूचना लगातार पुलिस को मिल रही थी। जब भी पुलिस इस जुए के फड़ को पकड़ने पहुंचती तो इससे पहले ही मुखबिरी हो जाती और जुआड़ी मौके से भाग जाते थे। हरदीबाजार पुलिस अवैध कारोबार को रोकने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। पुलिसिया जांच के बाद ही पूरा मामला स्पष्ट होगा कि मामला आखिर क्या है जिन लोगों ने थानेदार पर मारपीट का आरोप लगाया है। उन पर पुलिस ने कार्यवाही की है। पुलिस के आला अधिकारियों द्वारा मामले की गंभीरता से तहकीकात की जा रही है। जिसके बाद ही दूध का दूध और पानी होगा कि आखिर यह पूरा मामला क्या है और किसलिए पुलिस पर आरोप लगाया जा रहा है।

**बेवजह बनाया जा रहा दबाव**

इस पूरे प्रकरण को लेकर हरदीबाजार प्रभारी प्रमोद कुमार डनसेना ने जानकारी देते हुए बताया कि संगठित जुआड़ियों द्वारा कार्रवाई न हो इसके लिए पुलिस पर दबाव बनाने के लिए यह षडयंत्र रचा गया है। दोनों युवकों के खिलाफ पुलिस ने धारा 151 के तहत कार्यवाही भी की गई है। दोनों युवक जुआजडियों की धरपकड़ न हो मुखबिरी का काम करते हैं। पुलिस पर बेवजह दबाव बनाया जा रहा है।

## एक सप्ताह में करें पीएमएवाई के आवासगृहों का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने प्रधानमंत्री आवास योजना के बीएलसी घटक के ऐसे हितग्राही जिनको स्वीकृति पत्र प्राप्त हो चुके हैं उनसे कहा कि वे अपने आवासगृहों का निर्माण एक सप्ताह के अंदर प्रारंभ करायें तथा वास निर्माण कार्य में तेजी लाकर 18 माह की अवधि के अंदर निर्माण कार्य पूर्ण करें ताकि वे मुख्यमंत्री की गृहप्रवेश सम्मान योजना अंतर्गत प्राप्त होने वाली 32 हजार 850 रूपये की अतिरिक्त राशि का लाभ प्राप्त कर सकें। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा आपको पक्का मकान उपलब्ध कराने के लिये यह महत्वपूर्ण योजना क्रियान्वित की गई है।

आयुक्त आशुतोष पाण्डेय अपने प्रातः भ्रमण के दौरान नगर निगम के वार्ड क्र. 19, 20 पथर्रीपारा स्लम क्षेत्र पहुंचे। आयुक्त श्री पाण्डेय ने प्रधानमंत्री योजना के दर्जनों ऐसे हितग्राहियों जिनको भवन निर्माण स्वीकृति पत्र महीनों पूर्व प्राप्त हो चुके हैं किन्तु उनके द्वारा अभी तक मकान का निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं कराया गया है उनसे मुलाकात की। उन्होने इन हितग्राहियों ⏭ शेष पेज 3 पर


हितग्राही से चर्चा करते आयुक्त।

## संविदा नियुक्ति हेतु 25 तक आवेदन

**कोरबा।** विभागीय पशु चिकित्सा संस्थाओं में पशु चिकित्सा सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण हेतु स्थानीय व्यवस्था के तहत जिला प्रशासन के डीएमएफ मद अंतर्गत सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी के रिक्त 9 पदों पर संविदा भर्ती के लिए पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किया गया है। इसके लिए इच्छुक पात्र उम्मीदवारों को कार्यालय उप संचालक पशु चिकित्सा सेवायें कोरबा में 25 जून को सायं 4 बजे तक आवेदन पत्र सह शैक्षणिक एवं आवश्यक दस्तावेजों का एक सेट स्व-प्रमाणित छाया प्रतियों के साथ रजिस्टर्ड डाक अथवा स्वयं उपस्थित होकर प्रस्तुत करना होगा।

# रेत घाट हो गए लॉक फिर भी तस्कर कर रहे चोरी, चैन माउंटेन व तीन ट्रैक्टर जब्त


जब्त चैन माउंटेंन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में 10 जून से सभी रेत घाट लॉक कर दिए गए हैं लेकिन इसके बाद भी रेत तस्कर अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं और नदी नालों में घुसकर चैन माउंटेन मशीन लगाकर बड़े पैमाने पर रेत की चोरी कर रहे हैं। नया मामला कुदमुरा में सामने आया है जहां खनिज विभाग की टीम ने जब दबिश तो चैन माउंटेन मशीन लगाकर ट्रैक्टर के माध्यम से अवैध रूप से रेत की निकासी की जा रही थी। खनिज विभाग में मौके से चैन माउंटेन मशीन व 3 ट्रैक्टर को जब्त करने में सफलता हासिल की है।

कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देश तथा उप संचालक, खनि प्रशासन के मार्गदर्शन में जिले में चल रहे रेत घाटों से 10 जून से 15 अक्टूबर तक रेत निकालने पर प्रतिबंध लगाने के लिए विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के तहत गठित दो खनिज उड़नदस्ता दल ने जिले में जोगीपाली, तरदा, कुदुरमाल, कटबितला, भैंसामुड़ा, गितारी, बगदर, चिचोली, भिलाई खुर्द, चुईया, कछार, घमोटा, धवईपुर, चारपारा, कुदमुरा में चल रहे वैध घाटों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान कुदमुरा रेत घाट में चैन माउंटेन से रेत उत्खनन करते पाए जाने पर टीम द्वारा कार्रवाई की गई। टीम ने मौके से चैन माउंटेन जब्त किया है। वहीं भिलाईखुर्द में ईंट का अवैध परिवहन कर रहे एक ट्रेक्टर को सिटी कोतवाली थाना में तथा डिंगापुर में ईंट व मिट्टी का उत्खनन कर परिवहन कर रहे 2 ट्रेक्टर पर कार्यवाही करते हुए जब्त कर रामपुर थाना अभिरक्षा में रखा गया।

**खास बात**

- खनिज विभाग की उड़नदस्ता टीम ने विभिन्न स्थनों में दी थी दबिश

**अवैध रेत परिवहन के विरुद्ध चलाया जा रहा अभियान**

खनिज विभाग के अनुसार इस अभियान का उद्देश्य जिले में 10 जून से 15 अक्टूबर तक नदियों से रेत निकालने पर प्रतिबंध सुनिश्चित करने, अवैध खनन पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना, प्राकृतिक संसाधनों की सुरक्षा सुनिश्चित करना तथा शासकीय राजस्व की हानि को रोकना है। नियमों का उल्लघंन करने, अवैध उत्खनन एवं परिवहन में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियमों और अन्य वैधानिक प्रावधानों के तहत कार्यवाही की जा रही है। विभाग ने चेतावनी दी है कि अवैध खनन और परिवहन के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।



## खबर संक्षेप

### छात्रा ने की खुदकुशी प्रेमी युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** प्रेमी के द्वारा दूसरी लड़की से बातचीत करने से दुखी होकर छात्रा के फांसी लगाकर खुदकुशी करने के मामले में पुलिस ने प्रेमी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। सिविल लाइन टीआई किशोर केंवट ने बताया, जांच मुलमुला सोनसरी निवासी आयूषी कुर्रे उर्फ खुशी पिता कांतिकुमार कुर्रे 23 साल जरहाभाठा डल्लागली में किराए के मकान में रहकर पीएससी परीक्षा की तैयारी कर रही थी। 20 मार्च 2026 को आयूषी ने अपने किराए के मकान में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। जांच में खुलासा हुआ मुलमुला सोनसरी निवासी दीपक खाण्डे से उनका प्रेम संबंध था। घटना के दिन शाम 6 बजे दीपक खाण्डे उसके रूम से निकला था। उसके बाद आयूषी उसे लगातार मोबाइल लगा रही थी, किन्तु वह नहीं उठा रहा था। यह भी बात सामने आई कि दीपक खाण्डे दूसरी लड़की से बातचीत कर रहा था, जिससे दोनों के बीच विवाद में विवाद हुआ था। पुलिस ने जांच के बाद बीएनएस की धारा 108 के तहत आरोपी दीपक कुमार खाण्डे को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### महिलाओं से मारपीट सरपंच पति पर जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** रेत चोरी करने से रोकने पर महिलाओं के साथ मारपीट कर दी गई है। पुलिस ने हमलावर सरपंच पति सहित अन्य के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। कोनी पुलिस के अनुसार, घुटकू निवासी सावित्री उर्फ मैना लोनिया पति स्व. दुष्यंत लोनिया ने रिपोर्ट लिखाई। वे गांव के सशक्त नारी महासंघ महिला संगठन की कोषाध्यक्ष हैं। 10 जून की रात 10.30 बजे अपने गांव के सिंगारबाड़ी के पास संगठन की सदस्य बिलसिया पटेल, थिरजा पटेल, दूरपति साहू, लक्षन केंवट एवं संगठन के अन्य साथी के साथ रेत घाट की रखवाली करने गई थीं। जहां ग्राम कछार के सरपंच पति व अन्य लोग ट्रैक्टर ट्राली में रेत भर रहे थे। महिलाओं ने उन्हें रोका तो उनके साथ गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट की गई है। गांव के रजत सोनी, उत्तम यादव, छोटा भोई बीच बचाव करने आए तो उनके साथ भी मारपीट की गई है। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर कछार सरपंचपति सहित अन्य के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 3, 5, 351, 3 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### एसी कोच में चोरी का आरोपी पकड़ा गया

**बिलासपुर।** ट्रेनों के एसी कोच में यात्रियों के सामानों की चोरी करने वाले आरोपी को जीआरपी ने पकड़ा है। प्रार्थी डबरा ग्वालियर मध्यप्रदेश निवासी जय सावनानी पिता चंद्रप्रकाश सावनानी 25 साल 10 अप्रैल को 12550 उधमपुर दुर्ग एक्सप्रेस के एसी कोच ए 1 के बर्थ नम्बर 14 में सागर से रायपुर तक सफर कर रहे थे। ट्रेन के उसलापुर स्टेशन पहुंचने से पहले अज्ञात आरोपी ने उनका बैग पार कर दिया, जिसमें नगद और सोने के जेवरात रखे थे। शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ धारा 305 (सी) बीएनएस कायम कर लिया गया। दो माह तक आरोपी की तलाश करने के साथ सायबर सेल की मदद ली गई। सायबर सेल के सहयोग से आरोपी दुर्ग निवासी फरहान तासिर खान पिता अंजुम तासिर खान 39 साल को पकड़ा गया, जिसके पास से चोरी की राशि बरामद करने के बाद रिमांड पर जेल भेजा गया है।

### टायलेट की छत पर मिला लावारिस गांजा

**बिलासपुर।** रेलवे सुरक्षा बल ने ऑपरेशन नार्कोस के तहत अभियान चलाकर गाड़ी संख्या 12843 पुरी-अहमदाबाद एक्सप्रेस से लगभग चार लाख रुपये मूल्य का गांजा बरामद किया है। 10 जून को मंडल टास्क टीम एवं आरपीएफ पोस्ट ने एनडीपीएस ड्राइव के तहत स्टेशन पर पुरी-अहमदाबाद के कोच संख्या एस-3 की शौचालय की छत से एक लावारिस चेक बैग बरामद किया गया। बैग की जांच करने पर उसमें रखे चार पैकेट गांजा मिला, जो 7.972 किलोग्राम और 3 लाख 98 हजार 600 रुपए का था। आरपीएफ ने आवश्यक कार्रवाई कर बरामद बैग एवं गांजा को अग्रिम कार्रवाई हेतु जीआरपी के सुपुर्द कर दिया है। जीआरपी ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला कायम करने के बाद जांच शुरु कर दी है।

बिजली बंद और मेंटनेंस में होगा सुधार

शहर के लोगों को मिलेगी राहत, लगातार होगी पेट्रोलिंग, सुधरेगा फाल्ट

# शहर बढ़ा तो अब जोन बढ़ाने की तैयारी, कोनी और मंगला में बनेगा बिजली कार्यालय

**बिलासपुर।** शहर में उपभोक्ताओं की संख्या बढ़ चुकी है, मंगला और कोनी जैसे क्षेत्रों में आए दिन कालोनियां विकसित की जा रही है, इसका सीधा असर बिजली व्यवस्था पर पड़ने लगा है। ऐसे में नेहरू नगर और सरकंडा जोन को दो भागों में बांटने की तैयारी की गई है। बिजली विभाग ने इसके लिए प्रस्ताव मंगाया है, जल्द ही शहर में दो नए जोन का निर्माण संभव होगा।



शहर में बिजली व्यवस्था विभाग के लिए बड़ी चुनौती बन कर सामने आई है। पश्चिमी डिवीजन सबसे ज्यादा प्रभावित हिस्सा है, जहां नेहरू नगर, मंगला, कोनी और सरकंडा के साथ ही गोलबाजार जोन भी शामिल है। ऐसे में बिजली विभाग के अधिकारियों ने व्यवस्था को दुरूस्त करने के लिए नई कवायद शुरू की है। दरअसल नेहरू नगर से मंगला और सरकंडा से कोनी क्षेत्र में नए जोन कार्यालय खोलने की कवायद की जा रही है। इसके लिए बकायदा प्रस्ताव भी उच्च अधिकारियों के पास भेज दिया गया है। आने वाले दो माह के भीतर जोन की स्वीकृति मिलने की उम्मीद है, जिसके बाद नेहरू नगर और सरकंडा जोन में पड़ने वाला बोझ कम होगा और लोगों को बिजली के लिए आ रही समस्याओं को त्वरित समाधान किया जा सकेगा।

#### आंकड़ों से समझें

| | सरकंडा | कोनी | नेहरू नगर | मंगला |
|---|---|---|---|---|
| उपभोक्ता | 21043 | 10080 | 27452 | 11731 |
| सबस्टेशन | 6 | 3 | 7 | 7 |
| 11 केवी फीडर | 22 | 11 | 25 | 13 |
| ट्रांसफार्मर | 423 | 266 | 728 | 325 |
| 33 केवी लाइन | 49.84 किमी | 25.5 किमी | 35 किमी | 19 किमी |
| 11 केवी लाइन | 78.41 किमी | 41.2किमी | 100 किमी | 50.75 किमी |
| एलटी लाइन | 198.21 किमी | 112.5किमी | 300 किमी | 120 किमी |
| क्षेत्र | 38 वर्ग किमी | 24 वर्ग किमी | 48 वर्गकिमी | 28.5 किमी |

#### परेशानी होगी कम

नए जोन बनने के बाद क्षेत्र के लोगों को बिजली की परेशानी कम हो सकेगी। जिसमें नए एई, जेई और स्टाफ के साथ ही फ्यूज कॉल सेंटर खोले जाएंगे। शिकायतों का निवारण भी नए जोन में हो सकेगी। इससे मंगला और कोनी क्षेत्र के लोगों को क्रमशः नेहरू नगर और अशोक नगर स्थित कार्यालय आने की जरूरत ही नहीं पड़ेगी। बिजली मरम्मत और मेंटनेंस के दौरान पेट्रोलिंग करने, फाल्ट सुधारने में त्वरित कार्य किया जाएगा।

#### प्रस्ताव भेजा जा रहा है

दो नए जोन का प्रस्ताव डिवीजन से भेजा जा रहा है, स्वीकृति उच्च कार्यालय से मिलेगी, लेकिन इतना तय है कि अब पुराने जोन में भार बढ़ रहा है, वह नए जोन बनने के बाद सुधरेगा। स्टाफ की भर्ती होगी और नए कार्यालय में ही शिकायत व समाधान मुमकिन हो सकेगा।

**-भरत भूषण नेताम,**
ईई, पश्चिमी डिवीजन

मना करने के बाद भी पत्नी से बातचीत करने पर की थी वकील की हत्या

# चार सिपाहियों ने लोकेशन पर एमपी में बस से भाग रहे फरार आरोपियों को पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कोटा थाना के चार सिपाहियों ने मोबाइल लोकेशन के आधार पर एमपी में बस से भाग रहे हत्या के फरार आरोपियों को पकड़ा है।

■ बदमाश सहित चार आरोपी गिरफ्तार

पुलिस को पता चला है कि मना करने के बाद भी पत्नी से बातचीत करने पर आरोपी ने साथियों के साथ योजना बनाकर वकील की जघन्य हत्या की थी।

4 जून 2026 की रात कोटा पथर्रा निवासी वकील निखिल गोस्वामी रोजाना की तरह जिम से वापस लौट रहे थे। इस दौरान एक खाली मैदान में वे अपने दो दोस्तों के साथ शराब पी रहे थे। इसी दौरान दो बाइक से चार लोग आए और निखिल की आंख में मिर्ची पावडर डालकर मारपीट करने लगे, जिससे निखिल के दोनों दोस्त भाग गए। चारों ने निखिल के साथ के मारपीट कर भारी पत्थर से हमला कर नृशंस हत्या कर दी और फरार



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।



मृतक।

हो गए थे। जांच के दौरान हत्यारों के नाम सामने आ गए थे। पतासाजी के दौरान कोटा थाना के प्रधान आरक्षक सत्य प्रकाश यादव, आरक्षक धर्मेन्द्र साहू, मनमोहन कोसले, सुनील पटेल को जानकारी मिली कि मुख्य आरोपी भुंडा निवासी बदमाश दीपक दास उर्फ भोला दास मानिकपुरी पिछले कुछ समय से रायपुर में रह रहा था। चारों सिपाही पतासाजी में रायपुर गए। वहां एक मुखबिर मिला, जिससे दीपक दास उर्फ भोला मानिकपुरी लगातार संपर्क में था और खर्च के लिए अगल अलग मोबाइल नम्बर से फोन कर पैसा मांग रहा था। आरक्षक धर्मेन्द्र साहू ने मुखबिर को फोन किए मोबाइल नम्बर का लोकेशन निकाला तो वह एमपी में पाया गया। थाना प्रभारी प्रशुक्षु डीएसपी आकाश चौधरी के निर्देश पर चारों सिपाही लोकेशन के आधार पर एमपी रवाना हो गए। लोकेशन के आधार पर सिपाहियों ने मंडला से बिछिया बस से भागते हुए चारों आरोपियों को पकड़ लिया। उसके बाद उन्हें कोटा लाया गया। पूछताछ में चारों ने वकील की हत्या करना स्वीकार कर लिया है। पुलिस ने बीएनएस की धारा 103, 1, 3, 5 के तहत चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

#### आरोपी के पत्नी के संपर्क में था मृतक

प्रभारी श्री चौधरी ने बताया, आरोपी दीपक दास उर्फ भोला मानिकपुरी का कई मामलों में चालान हो चुका है। जब वह जेल में बंद था तब उसकी पत्नी ने वकील निखिल गोस्वामी संपर्क किया। उसके बाद दोनों बातचीत करते रहते थे। दीपक दास उर्फ भोला के जेल से बाहर आने के बाद भी मृतक वकील उसकी पत्नी से मिलकर बातचीत करता था। दीपक उर्फ भोला ने मृतक को दो बार पत्नी से बातचीत करने से मना किया। नहीं मानने पर उसने अपने साथियों के साथ योजना बनाकर वकील की हत्या की वारदात को अं जा म दिया था।

#### पकड़े गए आरोपी

- ■ दीपक दास उर्फ भोला मानिकपुरी पिता स्व. बल्लू दास मानिकपुरी 26 साल भुंडा कोटा
- ■ निखिल राव उर्फ निक्कू पिता नरेंद्र राव 24 साल देवनगर कोनी
- ■ कारण दास मानिकपुरी पिता स्व. घनश्याम मानिकपुरी 24 साल देवनगर कोनी
- ■ कुश साहू उर्फ बुतरू पिता लक्ष्मण प्रसाद साहू 26 साल तेलियापुराण भरारी कोटा

कोयले की हेराफेरी

# कोलडिपो संचालक सहित 7 के खिलाफ जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** कोयले की हेराफेरी मामले में पुलिस ने कोलडिपो संचालक, सुपरवाइजर, ट्रक मालिक व ड्राइवर सहित 7 लोगों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। पुलिस ने इस मामले में तीन ड्राइवरों सहित पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया है।

■ तीन ड्राइवर सहित पांच गिरफ्तार

सकरी पुलिस के अनुसार, लोखंडी भाटिया एनर्जी एण्ड कोल बेनिफिकेशन के कारखाना प्रबंधक आरके पाण्डेय पिता उदयनाथ पाण्डेय ने रिपोर्ट लिखाई। 9 जून को दीपका कोल माइंस से एफ / जी ग्रेड का कोयला भाटिया एनर्जी एण्ड बेनिफिकेशन के लिए मंगवाया गया था। 10 जून को सुबह 6 से 7 बजे के बीच ट्रक क्रमांक सीजी 10 बीक्यू, 8285, चालक उज्जैन अंसारी, ट्रक क्रमांक सजी 12 बीएल, 6247 चालक आंशिक हुसैन, ट्रक क्रमांक सीजी 12 बीएल, 6251 चालक फजल अंसारी कोयला लेकर आए। जिसे लैब से चेक करने पर एफ / जी ग्रेड का कोयला नहीं होना पाया



गया। पूछताछ में ड्राइवरों ने दीपका से आते समय रतनपुर गतौरी स्थित बालाजी कोल ट्रेडिंग एण्ड कंस्ट्रक्शन के संचालक एवं सुपरवाइजर से मिली भगत कर एफ/ जी ग्रेड के कोयले को चोरी कर बेचना और उसकी जगह मिलीवटी कोयला भर देना बताया। कंपनी को 25 लाख से अधिक का आर्थिक क्षति पहुंचाई गई है। पुलिस ने आरके पाण्डेय की रिपोर्ट पर कोलडिपो संचालक दिलीप कुमार, सुपरवाइजर गौरव सिंह, अमित कुमार, ट्रक संचालक रजाक अंसारी, चालक उज्जैन अंसारी, आंशिक हुसैन, फजल अंसारी के खिलाफ बीएनएस की धारा 316, 3, 317, 4, 3, 5 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया गया है।

# राशन दुकानों से खाद्यान्न लेने अंगूठे को प्राथमिकता

ओटीपी भी मान्य, लेकिन यह सुविधा सिर्फ चुनिंदा लोगों के लिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

राशन दुकानों से खाद्यान्न लेने वाले हितग्राहियों को अब बोयोमेट्रिक मशीन पर अंगूठा लगाने से ही खाद्यान्न जारी किया जा सकेगा। केंद्र सरकार द्वारा ऐसे निर्देश जारी किए गए हैं, ताकि जारी किया जा रहा खाद्यान्न सही हाथों तक पहुंच सके। शारीरिक रूप से अक्षम या 60 वर्ष से ऊपर के हितग्राहियों को ओटीपी बताकर अब भी खाद्यान्न लेते रहने की छूट रहेगी।

सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत राशन दुकानों से हितग्राहियों को दो तरह से खाद्यान्न जारी करने की व्यवस्था की गई थी। इसके अंतर्गत पहली व्यवस्था में हितग्राही के रजिस्टर्ड मोबाईल नंबरों पर भेजे गए ओटीपी के माध्यम से खाद्यान्न जारी किया जा सकता था। इसी तरह दूसरी व्यवस्था में हितग्राही से बायोमेट्रिक मशीनों में अंगूठा लगवाकर खाद्यान्न जारी किया जाता रहा है। चूंकि





मोबाईल नंबर बदलने रहते हैं। मोबाईल गुम होने की भी शिकायतें आती रहती हैं, जिससे केंद्र सरकार द्वारा ओटीपी के माध्यम से अधिकाधिक हितग्राहियों को खाद्यान्न वितरण पर आपत्ति की गई है। सरकार ने बायोमेट्रिक आधार पर मशीनों में अंगूठा लगवाकर हितग्राहियों को खाद्यान्न वितरण करने पर जोर दिया है, ताकि जारी किया गया खाद्यान्न सही हाथों तक पहुंच सके। जिले में मई महीने में 19 प्रतिशत लोगों ने ओटीपी आधार पर खाद्यान्न का उठाव किया था। हालांकि खाद्य विभाग द्वारा प्रदेश के अन्य जिलों में ओटीपी आधार पर किए गए उठाव की तुलना में इसे काफी कम बताया गया है। खाद्यान्न लेने के दौरान कई बार ऐसी स्थिति निर्मित हो जाती है, जिसमें कई बार प्रयास करने के बाद भी बायोमेट्रिक मशीनों में थंब आ नहीं पाता, ऐसे में वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में ओटीपी आधार पर खाद्यान्न जारी कर दिया जाता है।

मई महीनें में 19 प्रतिशत हितग्राहियों को ओटीपी आधार पर खाद्यान्न जारी करने के पीछे एक कारण यह भी हो सकता है। ऐसे हितग्राही जो शारीरिक रूप से सक्षम नहीं हैं, या बीमार हैं या फिर हितग्राही की उम्र साठ वर्ष से अधिक की हो चुकी है। तो ऐसे हितग्राहियों को ओटीपी आधार पर खाद्यान्न जारी किया जाता रहेगा। खाद्यान्न वितरण व्यवस्था को और अधिक पारदर्शी और सुरक्षित बनाए जाने के उद्देश्य से बायोमेंट्रिक आधार पर खाद्यान्न वितरण को प्राथमिकता देने की व्यवस्था बनाई गई है।

# केंद्रीय जेल के 500 मीटर दायरे में ड्रोन उड़ाने पर प्रतिबंध

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

केंद्रीय जेल की सुरक्षा को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी संजय अग्रवाल ने केंद्रीय जेल परिसर तथा उसकी परिधि से 500 मीटर की सीमा तक के क्षेत्र को तत्काल प्रभाव से आगामी आदेश तक नो-फ्लाई जोन घोषित कर दिया है।

इस क्षेत्र में किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था द्वारा ड्रोन संचालन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। कलेक्टर की ओर से जारी आदेश के अनुसार केंद्रीय जेल एक अत्यंत संवेदनशील एवं सुरक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण शासकीय संस्थान है। जेल परिसर एवं उसके आसपास अनाधिकृत ड्रोन संचालन से जेल सुरक्षा, बंदियों की निगरानी व्यवस्था तथा सार्वजनिक सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। यह कार्रवाई जेल प्रशासन के अनुरोध एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक की सहमति के आधार पर की गई है। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि विशेष परिस्थितियों में सक्षम प्राधिकारी से पूर्व अनुमति प्राप्त होने पर ही ड्रोन संचालन की अनुमति दी जा





सकेगी। बिना अनुमति ड्रोन उड़ाने अथवा आदेश का उल्लंघन करने पर संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। जारी निर्देशों के अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बिलासपुर तथा केंद्रीय जेल अधीक्षक को आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है।



## खबर संक्षेप



### पेयजल संकट, विपक्षी पार्षदों ने सीएमओ के नाम सौंपा ज्ञापन

**कोरबा।** नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा क्षेत्र में बढ़ती गर्मी के बीच पेयजल संकट गहरा गया है। पिछले 5 से 7 दिनों से टेपनल के माध्यम से पानी की आपूर्ति बंद होने से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जल संकट को लेकर विपक्षी पार्षदों ने नगर निगम प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए त्वरित समाधान की मांग की है। पार्षदों का कहना है कि पेयजल समस्या को लेकर पूर्व में भी प्रशासन को पत्र देकर व्यवस्था सुधारने की मांग की गई थी लेकिन निगम प्रशासन की उदासीनता के कारण स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ। लगातार पानी की आपूर्ति बाधित रहने से आमजन परेशान हैं। बुधवार को नेता प्रतिपक्ष मधुसूदन दास के नेतृत्व में विपक्षी पार्षदों ने सीएमओ के नाम ज्ञापन सौंपा। सीएमओ की अनुपस्थिति में यह ज्ञापन इंजीनियर शिव बर्मन को सौंपा गया। पार्षदों ने कहा कि गर्मी के मौसम में पेयजल लोगों की सबसे बुनियादी आवश्यकता है और इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती। ज्ञापन में टेपनल से जुड़ी तकनीकी समस्या का तत्काल निराकरण करने की मांग की गई है। इसके साथ ही पार्षदों ने मांग रखी कि जब तक व्यवस्था पूरी तरह बहाल नहीं होती, तब तक शहर में दिन में दो बार पानी की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने जल संकट से प्रभावित वार्डों में टैंकरों के माध्यम से नियमित पानी पहुंचाने की भी मांग की ताकि लोगों को राहत मिल सके।

### संघर्ष समिति ने मत्स्य महासंघ को सौंपा ज्ञापन

**कोरबा।** हसदेव मिनीमाता बांगो जलाशय क्षेत्र के विस्थापित आदिवासी एवं पारंपरिक मछुआरा परिवारों के हितों की रक्षा तथा जलाशय में मत्स्य संसाधनों के संरक्षण को लेकर एक बार फिर आवाज बुलंद हुई है। हसदेव जलाशय क्षेत्र की 22 पंजीकृत मत्स्य सहकारी समितियों के संयुक्त संगठन विस्थापित आदिवासी हसदेव जलाशय संघर्ष समिति ने छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी मत्स्य महासंघ मर्यादित, रायपुर के प्रबंध संचालक के नाम ज्ञापन सौंपकर आगामी बंद ऋतु के दौरान जलाशय में किसी भी प्रकार के मत्स्याखेट पर पूर्ण प्रतिबंध सुनिश्चित करने की मांग की है। संघर्ष समिति के प्रतिनिधिमंडल ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि मत्स्य विभाग द्वारा प्रत्येक वर्ष मछलियों के संरक्षण एवं प्रजनन को ध्यान में रखते हुए 16 जून से 15 अगस्त तक की अवधि को बंद ऋतु (क्लोज सीजन) घोषित किया जाता है।

### जाम में फंस रही यात्री बसें, आम लोगों का जनजीवन हो रहा प्रभावित



**हरदीबाजार।** गेवरा-दीपका कोयला खदान से कोयला लोड लेकर रोजाना 1 हजार से अधिक भारी वाहनों की आवाजाही रहती है, इससे सड़क पर दबाब का अंदाजा लगाया जा सकता है फिर भी जिला यातायात विभाग व स्थानीय प्रशासन इस ओर संज्ञान नहीं ले रही है। उल्लेखनीय है कि हरदीबाजार सराई सिंगार खनिज बेरियर के पास लग रही रोजाना जाम की जाम की मुख्य वजह सड़क के बाएं में खनिज बेरियर ठीक उसके सामने सड़क के बाएं में पेट्रोल-डीजल पंप वहीं पर एक निजी कंपनी का चले आफिस इन तीनों की वजह से हरदीबाजार बलौदा मार्ग पर प्रतिदिन रात से दिन पर जाम की स्थिति बनी रहती है। इस जाम से तो टेलर मालिकों को फर्क पड़ता है कि नहीं लेकिन आम लोगों व इस मार्ग में चलने वाले यात्री बस उसमें सवार यात्रियों को खासी परेशानी उठानी पड़ रही है ऐसा भी नही है कि स्थानीय निवासियों का आना-जाना दूभर हो गया है। महाविद्यालय हरदीबाजार में सेमेस्टर परीक्षा देने आने वाले छात्रों को परेशानी के साथ दुर्घटना का भी डर बना रहता है,चार पहिया तो दूर बाईक निकलने तक की जगह नहीं रहती है ।

## पृष्ठ 1 का शेष

### एक सप्ताह में...

से कहा कि यह अफसोसजनक है कि महीनों पूर्व स्वीकृत पत्र प्राप्त होने जाने के पश्चात भी उनके द्वारा अभी तक आवास निर्माण का कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है और न ही आवास निर्माण के पूर्व की कोई अन्य कार्यवाही की गई है, अतः तत्काल आवासगृहों का निर्माण कार्य प्रारंभ करायें। उन्होने कहा कि यदि उनके द्वारा स्वीकृत पत्र प्राप्ति के 18 माह के अंदर मकान का निर्माण कार्य पूरा कर लिया जाता है तो उन्हे गृहप्रवेश सम्मान योजना के तहत 32 हजार 850 रूपये की अतिरिक्त राशि भी प्राप्त होगी, अतः समयसीमा में आवास निर्माण पूर्ण कर इस योजना का लाभ भी प्राप्त करें। पथर्रीपारा बस्ती भ्रमण व हितग्राहियों से मुलाकात के दौरान निगम के स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, योजना की सहायक नोडल अधिकारी रूचि साहू, सीएलटीसी विरेन्द्र सिंह सैनी, अमन शर्मा, शशिकांत साहू, कौशल साहू, अनिल मोहंती, अमन साहू, रितेश शुक्ला आदि के साथ अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## 30 जून को समाप्त हो रही है कोयला कर्मियों के 11वें वेतन समझौते की अवधि

# जेबीसीसीआइ की जगह किया जा सकता है वार्ताकार परिषद का गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोयला कर्मियों के 11वें वेतन समझौते की अवधि इस माह समाप्त होने जा रही है। जिसे लेकर अब जेबीसीसीआई की जगह वार्ताकार परिषद के गठन की सुगबुगाहट

**खास बात**

- नए लेबर कोड में जेबीसीसीआई की बैठक और उसकी व्यवस्था का उल्लखेख नहीं

शुरु हो गई है। अगर ऐसा होता है तो कोल कर्मियों के 12वें वेतन समझौते के लिए गठित वार्ताकार परिषद की बैठक में केवल वही श्रमिक संगठन शामिल हो पाएगा जिसे कम से कम 20 फीसदी कोयला कामगारों का समर्थन प्राप्त हो।

उल्लेखनीय है कि कोयला उद्योग में कार्यरत लगभग 2 लाख 14 हजार कोयला कर्मियों के लिए वेतनमान समझौता-11 की अवधि 30 जून को समाप्त हो जायेगी। 1 जुलाई से वेतनमान समझौता-12 की अवधि शुरू होगी। एटक के श्रमिक नेता व जेबीसीसीआइ सदस्य लखनलाल महतो का कहना है कि वेतनमान समझौता-12 के लिए जेबीसीसीआइ की बैठक होगी या नहीं, इस पर स्थिति स्पष्ट नहीं है। केंद्र सरकार द्वारा पारित चार लेबर कोड में कहीं भी जेबीसीसीआइ की बैठक या उसकी व्यवस्था का उल्लेख नहीं है। आशंका है कि अब जेबीसीसीआइ के स्थान पर वार्ताकार परिषद का गठन किया जा सकता है। इस परिषद में वहीं श्रमिक संगठन शामिल हो पायेंगी, जिसे कम से कम 20 फीसदी मजदूरों का समर्थन प्राप्त होगा। 40 फीसदी समर्थन वाली यूनियन के दो पदाधिकारी इसमें शामिल होंगे। जबकि 51 फीसदी या इससे अधिक समर्थन प्राप्त करने वाली यूनियन कोल नेगोसिएटिंग यूनियन मानी जायेगी और वेतन समझोता पर उसका एकाधिकार रहेगा। श्री महतो का कहना है कि वर्तमान हालात को देखते हुए करीब 90 फीसदी श्रमिक संगठनों के लिए 20 फीसदी समर्थन जुटा पाना कठिन लग रहा है। ऐसे में अधिकतर यूनियनें वार्ताकार परिषद से बाहर हो जायेंगी। इसके बाद श्रमिक संगठन चुप नहीं बैठेगी और कोयला उद्योग में औद्योगिक अशांति का खतरा बढ़ सकता है। यहां बताना होगा कि कोयला उद्योग में कार्यरत मान्यता प्राप्त यूनियनों की ओर से जेबीसीसीआइ के कितने सदस्य नामित होंगे, इसका फैसला कोयला मंत्रालय करता है। इसके लिए तय तिथि के अंदर यूनियनों को रेगुलर व अल्टरनेट सदस्यों की सूची सरकार को उपलब्ध करानी होती है। जेबीसीसीआइ में कोल इंडिया प्रबंधन और मजदूर संगठनों के लोग शामिल रहते हैं। यूनियनों की माने तो कोल इंडिया का घटता मैन पावर, बदली हुई कानूनी व्यवस्था तथा नयी वार्ता प्रणाली के बीच वेतनमान समझौता-12 को अंतिम रूप देना बड़ी चुनौती साबित हो सकती है।



फाइल फोटो

### यूनियनें भेजेंगी चार्टर ऑफ डिमांड

वेतनमान समझौता-12 की अवधि शुरू होने से पूर्व कोल सेक्टर के मान्यता प्राप्त पांचों यूनियनें बीएमएस, एचएमएस, इंटक, एटक व सीटू की ओर से कोल इंडिया प्रबंधन को चार्टर ऑफ डिमांड भेजा जायेगा। अलग-अलग यूनियनें हर वेतन समझौता से पहले अपना अलग-अलग चार्टर ऑफ डिमांड भेजती रही है। हालांकि पिछले दो वेतन समझौता से यूनियनों द्वारा कॉमन चार्टर ऑफ डिमांड भेजा जा रहा है।

### जेबीसीसीआइ-11 में किसके कितने थे मेंबर

वेतनमान समझौता-11 को लेकर गठित जेबीसीसीआइ में बीएमएस व एचएमएस के चार-चार तथा एटक व सीटू के तीन-तीन रेगुलर व अल्टरनेट मेंबर थे। इंटक भी वेतन समझौता की अंतिम बैठक में शामिल हुई थी तथा अन्य चारों ट्रेड यूनियनों के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किया था। वेतनमान समझौता-11 के समय (वर्ष 2021) कोल इंडिया का मैन पावर 2 लाख 59 हजार था जो वर्तमान में घटकर 2 लाख 14 हजार हो गया है।

### पिछली बार 19 फीसदी हुई थी बढोतरी

वेतनमान समझौता-11 में कोलकर्मियों के वेतन में 19 फीसदी की बढ़ोतरी हुई थी। राशि में 4899 से लेकर 30 हजार रुपये तक की बढ़ोतरी हुई थी। इसके अलावा पहली बार पितृत्व अवकाश के अलावा आंबेडकर जयंती पर एक दिन की छुट्टी दी गयी थी। 20 मई 2023 को फाइनल एग्रीमेंट पर पांचों सेंट्रल ट्रेड यूनियन ने हस्ताक्षर किया था। 11वां वेतन समझौता करीब एक साल 11 माह विलंब से हुआ था।

## ताइक्वांडो प्रशिक्षण से बच्चों में बढ़ा है आत्मविश्वासः सिंह



प्रतिभागी को पुरस्कृत करते अतिथि।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

हसदेव ताप विद्युत संयंत्र कोरबा पश्चिम के रविंद्र सांस्कृतिक भवन (सीनियर क्लब) में एक से 10 जून तक ताइक्वांडो का प्रशिक्षण पूरा हुआ। जिला प्रशासन और खेल व युवा कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित खेल प्रशिक्षण के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि मुख्य अभियंता एचके. सिंह शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण से निश्चित ही बच्चों में आत्मविश्वास जागा है, वे आत्मरक्षा के गुर भी सीख पाए हैं। जिला प्रशासन द्वारा एचटीपीएस को ताइक्वांडो प्रशिक्षण की जिम्मेदारी दी गई थी, जिसके तहत बच्चों को 10 दिनों तक प्रशिक्षण दिया गया।

**खास बात**

- सीनियर क्लब में ताइक्वांडो प्रशिक्षण का हुआ समापन

गर्मी की छुट्टियों को खेल और प्रतिभा के उत्सव में बदलते हुए जिला में 21 दिवसीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर जारी हैं। शिविर का उद्देश्य बच्चों और युवाओं को खेल गतिविधियों से जोड़ना, उनकी प्रतिभा को मंच देना और प्रतिस्पर्धी खेलों के लिए तैयार करना है। ताकि भविष्य में अधिक खिलाड़ी प्रतिस्पर्धी स्तर तक पहुंच सकें। इस अवसर पर प्रशिक्षित बच्चों ने मुख्य अभियंता व अतिथियों के सामने उन्हें मिले प्रशिक्षण का खेल प्रदर्शन भी किया। मुख्य अभियंता श्री सिंह द्वारा प्रशिक्षित बच्चों व खेल प्रशिक्षक लोकेश राठौर को प्रोत्साहित करते हुए उपहार भी भेंट किए गए। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य अभियंता एमके गुप्ता, आरके पांडे, केएनबी राव, एससी पाठक और परियोजना प्रबंधक एसके पंडया उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ कल्याण अधिकारी सुरेश सिंह कंवर व आभार प्रदर्शन क्षेत्रीय क्रीड़ा सचिव अविनेश पाठक ने किया।

## पीएम मोदी के बारह वर्ष पूर्ण होने पर महामृत्युंजय जाप, भव्य आतिशबाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बांकीमोंगरा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व के गौरवशाली 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर बांकीमोंगरा में उत्सव का आयोजन किया गया। नगर पालिका परिषद अध्यक्ष श्रीमती सोनी विकास झा के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में जनसैलाब देखने को मिला।

बांकीमोंगरा के प्रसिद्ध गजरा ग्राउंड में आयोजित इस कार्यक्रम की शुरुआत शिव मंदिर प्रांगण में प्रधानमंत्री के उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना के साथ महामृत्युंजय मंत्र के सामूहिक जाप से हुई। मंत्रोच्चार से पूरा माहौल भक्तिमय और सकारात्मक ऊर्जा से सराबोर हो गया। मंत्र जाप के पश्चात प्रधानमंत्री के सफल कार्यकाल और देश के विकास की यात्रा का जश्न मनाते हुए जोरदार आतिशबाजी की गई। रंग-बिरंगी आतिशबाजी और भारत माता की जय के नारों से गजरा ग्राउंड गूंज उठा। नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सोनी विकास झा के नेतृत्व में हुए इस भव्य आयोजन में क्षेत्र के प्रति भारी जनसमर्थन देखा गया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के सैकड़ों पदाधिकारी और कर्मठ कार्यकर्ता शामिल हुए। इसके अलावा बड़ी संख्या में नगरवासियों ने अपनी सहभागिता दर्ज कराकर उत्सव की रौनक बढ़ाई। जिसके बाद पालिका अध्यक्ष श्रीमती सोनी विकास झा ने सभी को बूंदी- सेव खिलाकर खुशी जाहिर किया।



कार्यक्रम में शामिल लोग।

### भाजपा अजा मोर्चा ने सतनाम प्रांगण में की विशेष पूजा



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 12 साल का कार्यकाल पूरा होने पर भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा ने विशेष पूजा-अर्चना की। सतनाम प्रांगण स्थिति जैत खाम मे पूजा अर्चना कर आयोजित कार्यक्रम में मोर्चा के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने पीएम मोदी के सफल, स्वस्थ और दीर्घायु जीवन की कामना की। राष्ट्र सेवा में उनके निरंतर योगदान के लिए बाबा गुरु घासीदास से प्रार्थना की गई। कार्यक्रम में मौजूद भाजपा नेताओं ने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने प्रगति और विकास की नई ऊंचाइयां छुई हैं। वैश्विक स्तर पर भारत की बढ़ती प्रतिष्ठा को ऐतिहासिक बताते हुए प्रधानमंत्री के नेतृत्व की सराहना की। वक्ताओं ने पिछले 12 वर्षों में गरीब कल्याण, इंफ्रास्ट्रक्चर और सुशासन के क्षेत्र में हुए कामों का जिक्र किया। इस अवसर पर अजा मोर्चा के प्रदेश मंत्री सरजू अजय, अजा जिलाध्यक्ष राजेश लहरे, डॉ. जय लहरे, प्रमोद जांगड़े, राजेंद्र टंडन, लक्ष्य चतुर्वेदी, डॉ. बरखा रानी, राजेंद्र राजपूत, नवीन जायसवाल सहित अजा मोर्चा के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पं. शुक्ल का राज्य निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता स्व. पंडित विद्याचरण शुक्ल के योगदान को भूलाया नहीं जा सकता वह दूर दृष्टि, विद्वान और समर्पित जन सेवक थे उनका देश की राजनीति के साथ-साथ छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उनका जाना कांग्रेस परिवार के साथ-साथ प्रदेश के लिए अपूरणीय क्षति है।

**खास बात**

- शहादत दिवस के रूप में मनाई गई श्री शुक्ल की पुण्यतिथि



पुण्यतिथि में शामिल कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ता।

उक्त बातें पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने शहीद पंडित विद्याचरण शुक्ल को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देते हुए कही। जिला कांग्रेस कार्यालय टीपी नगर में पूर्व केंद्रीय मंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शहीद पंडित विद्याचरण शुक्ल की 13वीं पुण्यतिथि को शहादत दिवस के रूप में मनाया गया। जहां सबसे पहले उनके तैल्यचित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। पंडित विद्याचरण शुक्ल को श्रद्धांजलि देते हुए उनके जीवनी पर प्रकाश डाला और विद्या भैया अमर रहे का नारा लगाया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश राठौर ने कहा कि झीरम घाटी नक्सली हमले 25 मई को 13 साल हो गए। इस हमले में विद्या भैया गंभीर रूप से घायल हुए थे इलाज के दौरान घटना के 16 दिनों बाद वे जिंदगी की जंग हार गए थे। जिला कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष मनोज चौहान ने कहा कि 13 साल के बाद पीड़ित परिवारों के जख्म आज भी ताजा है, उस भयावह हमले ने प्रदेश के शीर्ष नेतृत्व को समाप्त कर दिया। पूर्व सभापति श्याम सुंदर सोनी ने बताया कि 25 मई 2013 कांग्रेस के लिए और पीड़ित परिवार के लिए सिर्फ एक तारीख नहीं है बल्कि कभी ना भूलने वाली हिंसक वारदात है। कांग्रेस ने अपना पूरा का पूरा शीर्ष नेतृत्व खो दिया जिसमें विद्या भैया के अलावा बस्तर टाइगर महेंद्र कर्मा, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व गृहमंत्री नंदकुमार पटेल, बस्तर कांग्रेस प्रभार उदय मुदलियार, दिनेश पटेल जैसे नेता शामिल थे। इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश राठौर, मनोज चौहान, नेता प्रतिपक्ष कृपाराम साहू, पूर्व सभापति श्याम सुंदर सोनी, प्रदेश कांग्रेस सचिव बी.एन. सिंह, पार्षद बद्री किरण रवि चंदेल, सुखसागर निर्मलकर, अविनाश प्रेमलता बंजारे, कांग्रेस अ.जा. प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष नारायण कुर्रे, कांग्रेस ओबीसी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष गजानंद साहू, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष मोहम्मद शाहिद, वरिष्ठ कांग्रेस नेता लक्ष्मी नारायण देवांगन, पूर्व पार्षद डॉ. रामगोपाल यादव, बालको ब्लॉक अध्यक्ष ए. डी. जोशी, कांग्रेस व्यापार प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष बंटी शर्मा, जिला कांग्रेस सचिव संतोष यादव, संगीता श्रीवास, मुस्लिम खान, शमसुद्दीन, सुखविंदर सिंह आदि उपस्थित थे।

## बिजनेस साइट

### सिद्धिविनायक हॉस्पिटल ने मनाया अपना 8वां स्थापना दिवस



कोरबा। कोसाबाड़ी स्थित सिद्धिविनायक हॉस्पिटल में 9 जून को अस्पताल का 8वां स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर अस्पताल के निदेशक डॉ. शतदल नाथ ने सभी कर्मचारियों, चिकित्सकों, सहयोगियों एवं मरीजों का आभार व्यक्त किया, जिनके विश्वास और सहयोग से अस्पताल निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। डॉ. नाथ ने बताया कि सिद्धिविनायक हॉस्पिटल की स्थापना 9 जून 2018 को एक छोटे से दो कमरों वाले अस्पताल के रूप में की गई थी। आज यह अस्पताल क्षेत्र के प्रमुख स्वास्थ्य संस्थानों में अपनी पहचान बना चुका है। उन्होंने कहा कि इस उपलब्धि का श्रेय सबसे पहले अपनी माता श्रीमती सती नाथ एवं स्व पिता सुशील कुमार नाथ के आशीर्वाद, मार्गदर्शन और प्रेरणा को जाता है। उन्होंने कहा कि स्थापना के समय से ही अस्पताल का मुख्य उद्देश्य मरीजों को गुणवत्तापूर्ण एवं किफायती स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना रहा है। इसी संकल्प के साथ अस्पताल निरंतर आधुनिक सुविधाओं और बेहतर चिकित्सा सेवाओं का विस्तार कर रहा है। डॉ. नाथ ने कहा कि भविष्य में भी सिद्धिविनायक हॉस्पिटल मरीजों को बेहतर से बेहतर चिकित्सा सेवाएं उचित दरों पर उपलब्ध कराने तथा अधिक से अधिक लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ने के लिए प्रतिबद्ध रहेगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि अस्पताल की पूरी टीम सेवा, समर्पण और मानवता के मूल्यों के साथ आगे भी कार्य करती रहेगी।

### भाजपा मंडल हरदीबाज़ार ने की महाआरती कार्यक्रम

**हरदीबाजार।** प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी के निदेशानुसार भारतीय जनता पार्टी मंडल हरदीबाज़ार के तत्वावधान में सप्तदेव दुर्गा मंदिर, हरदी बाज़ार में भव्य महाआरती कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के देश के सबसे लंबे समय तक लगातार सेवा करने वाले निर्वाचित प्रधानमंत्री बनने के ऐतिहासिक गौरवपूर्ण अवसर पर आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु, यशस्वी जीवन तथा राष्ट्र की निरंतर उन्नति, प्रगति एवं समृद्धि की मंगलकामना हेतु विशेष पूजा-अर्चना एवं महाआरती संपन्न की गई। कटघोरा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक प्रेमचंद पटेल ने पूजा-अर्चना की।


## कोरबा मार्केट

स्वास्थ्य सेवा में बनाएं अपना सुनहरा भविष्य
सिद्धि विनायक हॉस्पिटल एण्ड पैरामेडिकल कॉलेज
मान्यता प्राप्त एवं परिषद से संबद्ध, MP PARAMEDICAL COUNCIL से संबद्ध
पात्रता (ELIGIBILITY)
शैक्षणिक योग्यता 12 वीं पास (जीव विज्ञान विषय के साथ) केवल महिला अभ्यर्थी आवेदन कर सकती हैं।
कोर्सेज (पाठ्यक्रम)
D.M.L.T. (2 वर्ष)
डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नोलॉजियन
O.T. TECHNICIAN (1 वर्ष)
ऑपरेशन थियेटर टेक्नशियन
X-RAY TECHNICIAN (2 वर्ष)
एक्स-रे टेक्नशियन
9993000683
सिद्धि विनायक हॉस्पिटल, प्लॉट नं. 52, कोसाबाड़ी, ब्लू बर्ड स्कूल के पीछे, कोरबा, छत्तीसगढ़

SHRISHTI INSTITUTE OF MEDICAL SCIENCE & RESEARCH CENTER
Recognized to Indian Nursing Council, New Delhi Affiliated by:
Pt. Deendayal Upadhyay Memorial Health Science & Ayush University C.G.
कम शुल्क पर नर्सिंग कोर्स कराया जाता है
COURSE OFFERED
- B.Sc. (Nursing)
DURATION- 4 Year
ELIGIBILITY
12th Passed in PCEB & Pre Nursing Test Exam-2026
ADMISSION OPEN
शासकीय अनुदान प्राप्त महाविद्यालय
We Serve the Best:
- QUALIFIED & EXPERIENCED TEACHING FACULTY.
- EXCELLENT PRACTICAL TRAINING ASSOCIATION.
- SEPERATE CLASSROOMS & LABS, LIBRARY
- QUALITY TEACHING INFRASTRUCTURE &LEARNING AIDS.
- HOSTEL ACCOMMODATION & MESS, PLAY GROUND
नर्सिंग क्षेत्र में भविष्य बनाने का सुनहरा अवसर



Rajgamar Road, Near District Jail, Risdi Korba (C.G.) 495683
OUR CONTACT NUMBER: 7771000277, 8770584310, 9039887526

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित



सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
- हड्डी एवं जोड़ों का दर्द - नसों का रोग
- त्वचा एवं बालों का रोग - स्त्री रोग - मानसिक रोग
- मूत्र संबंधी रोग - मधुमेह (डायबिटीज़) - नेत्र रोग
- किडनी संबंधी रोग - पेट संबंधी विकार - थायराइड
- अस्थमा - मोटापा - मांसपेशी का रोग
- मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## खबर संक्षेप

### आज से 26 तक लगेंगे जोनवार शिविर

**कोरबा।** नगर निगम क्षेत्र में आयोजित किये जा रहे पीएम स्वनिधि महोत्सव शिविर की अगली कड़ी में कोसाबाडी जोन में ही पुनः 12 जून को, पं.रविशंकर शुक्ल नगर जोन में 15 व 16 जून को, बालको जोन में 18 व 19 जून को, दर्री जोन में 22 व 23 जून को तथा सर्वमंगला नगर जोन को 25 व 26 जून को स्वनिधि महोत्सव शिविर के आयोजन किए जाएंगे। प्रत्येक शिविर सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक निर्धारित तिथियों में आयोजित होंगे।

### निगम क्षेत्र में स्वीकृत हैं 4027 नये आवासगृह

**कोरबा।** प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के अंतर्गत नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्र में 4027 नये आवासगृहों की स्वीकृति प्राप्त हुई है, जिनमें से लगभग 3500 हितग्राहियों को आवास स्वीकृति पत्र व भवन अनुज्ञा दी जा चुकी है तथा शेष का वितरण किया जा रहा है। वर्तमान में 1201 हितग्राहियों ने आवास का निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया है तथा यह कार्य प्रगति पर है, शेष हितग्राही निर्माण कार्य प्रारंभ करने में विलंब कर रहे हैं, आयुक्त श्री पाण्डेय ने इन हितग्राहियों से अपील करते हुये कहा है कि वे तत्काल आवासगृहों का निर्माण प्रारंभ करायें, समयसीमा में कार्य को पूरा करें तथा गृहप्रवेश सम्मान योजना का अतिरिक्त लाभ प्राप्त करें।

### आईटीआई चोरभट्ठी में प्रवेश हेतु आवेदन 15 तक

**कोरबा।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था चोरभट्ठी जिला कोरबा में सत्र 2026-27 में व्यवसाय कोपा में 48 सीट एवं फिटर में 20 सीटों में प्रवेश होना है। इसके लिए इच्छुक अभ्यर्थी 15 जून तक ऑनलाइन आवेदन रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। विस्तृत जानकारी विभागीय वेबसाइट पर उपलब्ध है।

### वार्ड क्रमांक 24 में सीएसआर मद से हुई बोर की खुदाई



**कुसमुंडा।** गेवरा बस्ती चुनचुनी वार्ड 24 में सीएसआर की मद से गेवरा एरिया प्रबंधक और बांकीमोगरा नगर पालिका के पार्षदों के प्रयास से बोर की खुदाई की गई। गेवरा बस्ती के कई अन्य वार्ड में भी पानी की समस्या बनी हुई थी वह नए बोर के होने से दूर होगी, पहले बांकी व अन्य क्षेत्र से पानी सप्लाई की जाती थी। जिसमें अक्सर गेवरा बस्ती के क्षेत्रवासियों को पानी की समस्याओं का सामना करना पड़ता था। बोर हो जाने से क्षेत्र में पानी की समस्या कम होगी बोर के उद्घाटन अवसर पर वार्ड पार्षद राजकुमार कंवर, अमीना राकेश पटेल, प्यारेलाल दिवाकर, इंद्रजीत बिंजवार राहुल केवट, पीआईसी सदस्य श्रवण कुमार की उपस्थिति पर क्षेत्र के लिए नए बोर का उद्घाटन कर क्षेत्रवासियों को पानी की समस्याओं से दूर करने का प्रयास किया गया।

### कोटमेर विचरण कर रहा हाथियों का झुंड

**कोरबा।** कोरबा वनमण्डल के करतला कोटमेर परिक्षेत्र में विचरण कर रहे 13 हाथियों का झुण्ड रात्रि विचरण करते हुए करतला से कोरबा रेंज के गेरांव बिट सेउरमार के जंगल क्षेत्र में विचरण कर रहे हैं। वही 5 नग हाथियों का झुण्ड कोई बिट के पहाड़ी क्षेत्र में विचरण कर रहे हैं। कोरबा वनमंडल के करतला और कोरबा रेंज के जंगलों में अचानक 18 हाथियों का एक बड़ा झुंड पहुंच गया है। हाथियों की मौजूदगी से सीमावर्ती ग्रामीणों में भारी दहशत का माहौल है। सूचना मिलते ही वन विभाग तुरंत हरकत में आ गया है और स्थिति को नियंत्रित करने के लिए हाथियों को खदेड़ने वाली विशेष हुल्ला टीम को अलर्ट मोड पर डाल दिया गया है। वन विभाग के अधिकारी और हुल्ला टीम के सदस्य लगातार प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर रहे हैं। ग्रामीणों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए गांव-गांव में लाउडस्पीकर के माध्यम से मुनादी कराई जा रही है। लोगों को सख्त हिदायत दी जा रही है कि वे शाम ढलने के बाद जंगलों की तरफ न जाएं और हाथियों के दिखने पर उन्हें कतई न छेड़ें।

# बालिका सशक्तिकरण अभियान के तहत बालिकाओं ने प्रतिष्ठित खेल हस्तियों से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

## एनटीपीसी ने आयोजित किए संवाद सत्र



एनटीपीसी कोरबा की बालिका सशक्तिकरण अभियान 2026 पहल के तहत बालिकाएं प्रतिष्ठित खेल हस्तियों से मिलीं। एनटीपीसी कोरबा ने युवा (जेम) बालिकाओं को सशक्त बनाने के लिए बालिका सशक्तिकरण अभियान 2026 की रोल मॉडल पहल के तहत दो संवाद सत्र आयोजित किए। इन सत्रों में, भारतीय फुटबॉल की प्रतिष्ठित खिलाड़ी किरण पिस्दा और उत्कृष्ट निशानेबाज श्रुति यादव ने (जेम) बालिकाओं से बातचीत की। उनकी जीवन यात्राएं प्रतिभागियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनीं।

इस दौरान फुटबाल खिलाड़ी किरण पिस्दा ने अपनी प्रेरणादायक यात्रा साझा की, जिसमें उन्होंने एक छोटे शहर की बालिका से भारतीय फुटबॉल के राष्ट्रीय मंच तक पहुंचने की कहानी बताई। उन्होंने सफलता प्राप्त करने में अनुशासन, टीम भावना, और कठोर परिश्रम के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने बालिकाओं को अपने सपनों को साकार करने के लिए दृढ़ निश्चयी और आत्मविश्वासी बने रहने के लिए प्रेरित किया। किरण ने कहा अपने सपनों पर विश्वास रखें, प्रतिदिन परिश्रम करें और चुनौतियों से न डरें। आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प के साथ आप कोई भी लक्ष्य प्राप्त कर सकती हैं। उन्होंने फुटबॉल प्रशिक्षण, शारीरिक दक्षता और स्वस्थ रहने के महत्व पर अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने लड़कियों को खेलों और अन्य गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया और बताया कि इससे उनमें नेतृत्व क्षमता, टीम के साथ मिलकर काम करने की भावना, आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच विकसित होती है। एक अन्य सत्र में श्रुति यादव ने एक पेशेवर निशानेबाज के रूप में अपने अनुभव साझा किए और बताया कि लक्ष्य आधारित खेलों में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए एकाग्रता, धैर्य, अनुशासन, और मानसिक दृढ़ता कितनी आवश्यक होती है। उन्होंने बालिकाओं को चुनौतियों और असफलताओं के बावजूद अपने लक्ष्यों के प्रति प्रतिबद्ध बने रहने के लिए प्रेरित किया। अपने विचार सांझा करते हुए श्रुति ने कहा (जेम) बालिकों से कहा कि अपने लक्ष्यों पर केंद्रित रहें, निरंतर सीखती रहें और कभी हार न मानें। सफलता उन्हीं को प्राप्त होती है जो धैर्यवान, अनुशासित और अपने उद्देश्य के प्रति समर्पित रहते हैं। उन्होंने आत्मविश्वास, निरंतर सीखने की प्रवृत्ति तथा विकास के अवसरों को अपनाने के महत्व पर भी बल दिया। उनके प्रेरक अनुभवों और व्यावहारिक सुझावों ने प्रतिभागियों को जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।

## लाल घाट में आधे घंटे की बारिश ने रोकी रफ्तार, हाईवे बना तालाब

# शाम को तेज आंधी के साथ झमाझम बारिश, शहर के कई इलाके डूबे अंधेरे में



शाम को बारिश पूर्व आसमान में छाए बादल।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

औद्योगिक नगरी कोरबा और आसपास के इलाकों में गुरुवार की शाम मौसम का मिजाज अचानक बदल गया। चिलचिलाती धूप और उमस के बीच शाम होते ही आसमान में घने काले बादल छा गए और देखते ही देखते पूरा इलाका भीषण आंधी-तूफान की चपेट में आ गया। तेज अंधड़ के साथ हुई झमाझम बारिश ने जहाँ लोगों को गर्मी से राहत दी, वहीं दूसरी ओर इसने शहर की रफ्तार पर ब्रेक लगा दिया है और आंधी तूफान की वजह से अंधेरे में डूब गए।

मौसम में आए इस अचानक बदलाव और चक्रवाती तूफान की वजह से शहर के कई हिस्सों में नुकसान की खबर है। झमाझम बारिश व आंधी तूफान का असर पाड़ीमार जोन व तुलसीनगर जोन के कई इलाके अंधेरे में डूब गए हैं। इस प्राकृतिक आपदा का सबसे बड़ा असर शहर की बिजली व्यवस्था पर पड़ा है। तेज आंधी-तूफान के कारण कई मुख्य विद्युत लाइनों पर पेड़ की डालियां गिर गईं, जिससे इंसुलेटर ब्लास्ट हो गए और कई बिजली के खंभे क्षतिग्रस्त हो गए। सुरक्षा के लिहाज से और तकनीकी खराबी के कारण पूरे शहर की विद्युत व्यवस्था पूरी तरह चौपट हो गई है। लेकिन मौसम शांत होते ही विद्युत वितरण विभाग के डीई राजेश चौहान स्वयं मैदान में उतरे और अधिकारी कर्मचारियों के साथ मिलकर एक एक क्षेत्र की बिजली व्यवस्था को बहाल करना शुरू किया गया और देर रात तक शहर की बिजली व्यवस्था पूरी तरह से बहाल कर लिया गया।

### एनएच- 130 पर जलभराव से लगा जाम

**कोरबा।** अम्बिकापुर रोड नेशनल हाईवे-130 पर पोड़ी उपरोड़ा क्षेत्र के लाल घाट के पास में तेज बारिश के बाद गंभीर जलभराव की स्थिति बन गई। महज आधे घंटे की मूसलाधार बारिश ने सड़क को तालाब में तब्दील कर दिया, जहां करीब 2 से 3 फीट तक पानी भर गया, जिससे यातायात प्रभावित हो गया। स्थानीय लोगों के अनुसार इस इलाके में पानी निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण हर बारिश में यही समस्या सामने आती है। पुल के पास केवल छोटे-छोटे होल बनाकर पानी निकालने की कोशिश की गई है, जो तेज बारिश में नाकाफी साबित हो रही है। स्थिति ऐसी बन गई कि भारी वाहन जैसे ट्रक पानी के बीच से गुजरते रहे, लेकिन कार और मोटरसाइकिल चालकों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। कई दोपहिया सवार सड़क किनारे रुककर पानी कम होने का इंतजार करते नजर आए जबकि कुछ लोग जोखिम उठाकर किनारे-किनारे से वाहन निकालते दिखे। स्थानीय निवासी ब्लाक कांग्रेस कमेटी, ब्लॉक अध्यक्ष भोला गोस्वामी ने बताया की लाल घाट के पास हर साल बारिश में पानी भर जाता है और जाम की स्थिति बनती है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी ध्यान नहीं देते। स्थानीय लोगों ने भी चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही ठोस समाधान नहीं किया गया तो पूरे बरसात के मौसम में यहां आवागमन बाधित होता रहेगा।



# महापौर एवं आयुक्त ने स्वनिधि महोत्सव शिविर का किया निरीक्षण



वार्डवासियों से चर्चा करती महापौर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

महापौर श्रीमती संजूदेवी राजूपत एवं आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने गुरुवार को कोसाबाड़ी जोन कार्यालय में आयोजित पीएम स्वनिधि महोत्सव शिविर का निरीक्षण किया। शिविर में पहुंचे हितग्राहियों से भेंटकर उनके ऋण प्रकरणों व जमा किये गये आवेदनों पर चर्चा की। उन्होंने अधिकारियों एवं बैंकर्स को निर्देशित करते हुये कहा कि पूर्व में लंबित सभी आवेदनों का निराकरण कराते हुये सभी पात्र हितग्राहियों को योजना से लाभान्वित करें तथा शिविर में हितग्राहियों द्वारा जमा किये जा रहे आवेदनों पर त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित कराते हुये उन्हें योजना का लाभ दिलवायें।

निगम क्षेत्रांतर्गत विभिन्न तिथियों में स्वनिधि महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है, इसके तहत प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर निधि योजनांतर्गत शहरी पथ विक्रेताओं एवं असंगठित श्रमिकों को वित्तीय समावेशन डिजिटल सशक्तिकरण एवं सामाजिक सुरक्षा लाभों से जोड़ने तथा पथ विक्रेताओं के लिये सूक्ष्म ऋण पहुंच, सामाजिक कल्याण सुनिश्चित करने आदि से जुडे.विविध कार्य किये जा रहे हैं। नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्रांतर्गत विगत 4 जून से शिविर आयोजन की कडी में विगत दिनों कोरबा एवं टीपी नगर जोन में महोत्सव शिविर लगायें गये। इसी कड़ी में गुरुवार को कोसाबाड़ी जोन कार्यालय में शिविर आयोजित किया गया। महापौर श्रीमती संजूदेवी राजूपत एवं आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने पीएम स्वनिधि महोत्सव शिविर का निरीक्षण किया, शिविर में पहुंचे हितग्राहियों से भेंट मुलाकात की, उनके ऋण प्रकरणों व जमा कराये गये आवेदनों पर चर्चा की। शिविर के दौरान वरिष्ठ पार्षद अशोक चावलानी, अजय गोंड़, चन्द्रकली जायसवाल, पंकज देवांगन, नोडल अधिकारी पवन वर्मा, जोन कमिश्नर भूषण उरांव, सहायक नोडल अधिकारी तपन तिवारी, लीड बैंक मैनेजर कृष्ण भगत, एफ.एल.सी. बी.चन्द्रशेखर, सहायक राजस्व अधिकारी सुमित गुप्ता, दीपक यादव, मनोज राजपूत, अरविंद कुर्रे, आदि सहित विभिन्न बैंकर्स के प्रतिनिधि, सामुदायिक संगठक व काफी संख्या में हितग्राहीगण उपस्थित थे।

# फ्लाई ऐश प्रबंधन के लिए गठित की जाए उच्च स्तरीय जांच समिति : जयसिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



जयसिंह अग्रवाल

मानिकपुर ओपन कास्ट माइंस कोरबा क्षेत्र में फ्लाई ऐश के कथित अनियंत्रित संचयन, धूल प्रदूषण एवं पर्यावरणीय प्रभावों को लेकर पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने कोयला मंत्री किशन रेड्डी को पत्र लिखकर मामले की स्वतंत्र एवं उच्च स्तरीय जांच की मांग की है।

श्री अग्रवाल ने कोयला मंत्री को लिखे पत्र में उल्लेख किया है कि कोयला मंत्रालय द्वारा एसईसीएल प्रबंधन से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर भेजे गए उत्तर का परीक्षण करने पर यह प्रतीत होता है कि वास्तविक स्थल परिस्थिति एवं स्थानीय स्तर पर उत्पन्न समस्याओं का समुचित एवं तथ्यात्मक उल्लेख नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि मूल शिकायत का प्रमुख विषय यह था कि मानिकपुर क्षेत्र में फ्लाई ऐश का वैज्ञानिक तरीके से बैकफिलिंग करने के स्थान पर बड़े-बड़े खुले ढेर के रूप में संचयन किया गया है, जिसके कारण तेज हवाओं एवं गर्मी के दौरान सूक्ष्म धूल कण पूरे क्षेत्र में फैल रहे हैं। इससे स्थानीय नागरिकों, श्रमिकों एवं आसपास रहने वाले लोगों को वायु प्रदूषण, स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं एवं आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। श्री अग्रवाल ने एसईसीएल के प्रतिवेदन पर सवाल उठाते हुए कहा कि प्रबंधन द्वारा फ्लाई ऐश प्रबंधन के संबंध में कई तकनीकी दावे किए गए हैं लेकिन इन दावों के समर्थन में स्वतंत्र पर्यावरणीय परीक्षण रिपोर्ट, एयर क्वालिटी मॉनिटरिंग रिपोर्ट, पीएम-10 एवं पीएम-2.5 डेटा, थर्ड पार्टी पर्यावरणीय ऑडिट रिपोर्ट अथवा स्वास्थ्य प्रभाव संबंधी कोई अध्ययन प्रस्तुत नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि यदि फ्लाई ऐश भराव कार्य पूर्णतः वैज्ञानिक एवं नियंत्रित तरीके से किया जा रहा है, तो फिर लगातार फॉगिंग कैनन, वाटर स्प्रिंकलर, पानी के टैंकर एवं अन्य धूल नियंत्रण उपायों की आवश्यकता क्यों पड़ रही है।

# राज्य लघु वनोपज संघ के अध्यक्ष ने किया डोगानाला वन धन विकास केन्द्र का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



लघु वनोपज संघ के प्रदेश अध्यक्ष वन धन विकास केन्द्र में चर्चा करते।

जिला वनोपज सहकारी यूनियन मर्यादित, कटघोरा वनमण्डल के अंतर्गत वन धन विकास केन्द्र डोंगानाला का निरीक्षण छग राज्य लघु वनोपज संघ के अध्यक्ष रूप साय सलाम ने किया। उनके साथ इस दौरान जिला यूनियन कटघोरा वनमंडल कटघोरा के जिला यूनियन अध्यक्ष संतोषी बाई अगरिया, सांसद प्रतिनिधि सरदेशी राम देवागन, जिला यूनियन कटघोरा के संघ प्रतिनिधि वेद प्रताप सिंह, उप वनमंडलाधिकारी कटगोरा संजय त्रिपाठी, उप वनमंडलाधिकारी पाली हितेश ठाकुर, उप प्रबंध संचालक एके मिश्रा, वन धन विकास केन्द्र डोंगानाला के फार्मासिस्ट डॉ. राघवेन्द्र सिंह, अजय कुमार साय, वनक्षेत्रपाल, योगेश कुमार बंजारे, वनक्षेत्रपाल, जी व्ही रमणराव, लेखापाल, विजेन्द्र कुमार शर्मा, सीनियर एक्जीक्यूटिव, जिला यूनियन कटघोरा, आर एन शुक्ला, कनिष्ठ लेखापाल, भोलाराम प्रजापति, लाख मैनेजर, हरिबोल स्व-सहायता समूह के समस्त सदस्य शामिल थे।

रूप साय सलाम ने कक्ष में लगाये गये दर बोर्ड की सूची देख कर उत्पाद के मूल्य के बारे में जानकारी ली गई। समूह द्वारा पूर्व में मिले अवार्ड एवं प्रशस्ति पत्र का अवलोकन कराया गया। समूह द्वारा प्रसंस्करण किये जा रहे 18 प्रकार के औषधि का पाम्पलेट को देखते हुये पारंपरिक हर्बल उत्पाद बनाये जाने पर प्रसन्नता व्यक्त की। भण्डारित समस्त कच्चे औषधि का निरीक्षण कराते हुये क्रय प्रक्रिया के बारे में समूह से जानकारी ली। परिसर में लगी मशीनों का निरीक्षण करते हुये समूह से जानकारी ली गई जिसमें वर्षाकाल में डिसेन्ट ट्रे ड्रायर का उपयोग ज्यादा होना बताया गया। समूह द्वारा पाउडर डिह्यूमिडिफायर एव पल्वराइजर पैकिंग मशीन के बारे में बतया गया। अध्यक्ष ने पैकिंग एवं लेबलिंग के बारे में चर्चा किया गया। सीनियर एक्जीक्यूटिव के द्वारा पल्वराइजर मशीन वाईब्रोशिफ्टर मशीन एवं प्रसंस्करण प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी प्रदाय किया गया। ने स्टॉक कक्ष में रखे कच्चे औषधि का निरीक्षण कराया। अध्यक्ष सलाम ने लाभांश के बारे में चर्चा की, जिसमें समूह के द्वारा 20.74 लाख लाभांश प्राप्त होना बताया गया एवं शेष लाभांश जल्द दिलाने निवेदन किया गया। समूह द्वारा परिसर में सुरक्षा की दृष्टि से बाहरी व्यक्ति एवं जानवरों से परेशान होने के बारे में अवगत कराया गया।

## महासचिव के नेतृत्व में निकाली रैली, किया विरोध प्रदर्शन

# बिजली कर्मचारियों ने फेडरेशन 01 के नेतृत्व में महाप्रबंधक को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



प्रदर्शन में शामिल बिजली कर्मचारी।

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी प्रबंधन की निरंतर कर्मचारी विरोधी नीतियों के विरुद्ध हसदेव ताप विद्युत गृह कोरबा पश्चिम में कर्मचारियों का आक्रोश चरम पर दिखा। प्रदेश को चौबीसों घंटे रोशन रखने वाले, हर मौसम और हर आपदा में अपने प्राणों की परवाह किए बिना मेहनती बिजली कर्मचारियों ने छत्तीसगढ़ विद्युत कर्मचारी फेडरेशन 01 के महासचिव आर सी चेट्टी के नेतृत्व में विशाल रैली निकालकर प्रबंधन की हठधर्मिता और उदासीनता के खिलाफ जोरदार विरोध दर्ज कराया।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार शाम 5 बजे संयंत्र परिसर में सैकड़ों की संख्या में नियमित कर्मचारी, संविदा श्रमिक और सुरक्षा कर्मी एकजुट हुए। कर्मचारी एकता जिंदाबाद और जायज मांगें पूरी करो के नारों से पूरा परिसर गूंज उठा। रैली के पश्चात कर्मचारियों ने प्रबंध निदेशक उत्पादन के नाम संबोधित 7 सूत्रीय मांग पत्र मुख्य अभियंता को सौंपा। इस अवसर पर फेडरेशन महासचिव आर सी चेट्टी ने मुख्य अभियंता हसदेव ताप विद्युत गृह कोरबा पश्चिम हेमंत सिंह के समक्ष कर्मचारियों की पीड़ा और मांगों को बिंदुवार रखा। उन्होंने स्पष्ट कहा कि उत्पादन का पहिया चलाने वाले कर्मचारी ही कंपनी की असली पूंजी हैं, जिनकी उपेक्षा अब किसी भी सूरत में स्वीकार्य नहीं है। मुख्य अभियंता ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि कर्मचारियों की सभी मांगों को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र निर्णय हेतु मुख्यालय को अवगत कराया जाएगा। सौंपे गए ज्ञापन में कर्मचारियों ने मांग की है कि पदोन्नति के 840 पदों को समाप्त करने का निर्णय वापस लेते हुए पदों की पुनर्संरचना की जाए, कर्मचारियों के बुढ़ापे का सहारा पुरानी पेंशन योजना तत्काल बहाल हो, उच्च जोखिम और विषम परिस्थितियों में कार्य के बदले सम्मानजनक ओवरटाइम एवं इंसेंटिव सुविधा दी जाए, संयंत्र की सुरक्षा में तैनात सुरक्षा व अग्निशमन कर्मियों की वर्षों से लंबित पदोन्नति की जाए, वर्षों से निम्न वेतनमान पर कार्य कर रहे कुशल कर्मचारियों को सहायक श्रेणी-2 के पद पर समायोजित किया जाए तथा ठेका श्रमिकों को न्यूनतम वेतन, ईपीएफ, ईएसआई सहित सभी श्रम कानूनों का लाभ कड़ाई से दिलाया जाए। फेडरेशन ने याद दिलाया कि भीषण गर्मी, मूसलाधार बारिश या कड़कड़ाती ठंड में भी जब पूरा प्रदेश चैन की नींद सोता है, तब बिजली कर्मचारी बॉयलर, टरबाइन और स्विचयार्ड में अपना पसीना बहाकर प्रदेश को जगमग रखते हैं। जेनरेशन कंपनी की नीतियों से डीएसपीएम कोरबा पूर्व, हसदेव ताप कोरबा पश्चिम तथा अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत गृह मड़वा तीनों ही संयंत्रों में कर्मचारियों के भीतर गहरा रोष है। इससे पूर्व भी फेडरेशन द्वारा कोरबा पूर्व एवं मड़वा में मुख्य अभियंता के माध्यम से ज्ञापन सौंपे जा चुके हैं।

### सूत सारथी समाज का सम्मान समारोह आज

**कोरबा।** समस्त सूत सारथी समाज ब्लाक करतला के द्वारा 12 जून को कक्षा 10वी, 12वी में प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण छात्र, छात्राओं का सम्मान एवं प्रशस्ति पत्र प्रदाय किया जाएगा एवं कक्षा 5वी 8वी में ए ग्रेड उत्तीर्ण होने वाले छात्र, छात्राओं का सम्मान किया जाएगा।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल
काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780